## दिनांक 08.01.2025 को अधोहसताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन के समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त :–

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 08.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 व उनकी टीम के सदस्यगण, सहायक अभियन्तागण जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी, सहा0परियोजना प्रबन्धक मेधज तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 एवं अन्य सलाहकार उपस्थित थे। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं की समीक्षा की गई।

1 – विगत बैठक में श्रमिकों की संख्या 2442 के सापेक्ष दिनांक 07.01.2025 तक श्रमिकों की संख्या घटकर 2120 तक है जबकि विगत बैठक में परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। परियोजना प्रबन्धक द्वारा कहा गया कि कार्य पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। दिनांक 21.12.2024 को कन्ट्रोल रूम से 137 पेयजल परियोजनाओं पर कार्य कर रहे श्रमिकों का सत्यापन कराया गया, जिसमें 613 श्रमिक ही कार्य पर लगे पाये गये। यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है। इतनी कम संख्या में कार्य पर श्रमिक लगाये जाने की स्थिति में कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाना सम्भव नहं है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि परियोजना के कार्यो पर 10 दिनों में श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर 2500 कराते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

एल0एण्ड टी द्वारा कराये जा रहे परियोजना के कार्यों पर श्रमिकों के उपस्थिति का सत्यापन जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 की टीम द्वारा निरन्तर किया जायेगा तथा विवरण संकलित कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। अधिशासी अभियन्ता जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया जाता है कि उक्त का अनुश्रवण नियमित रूप से करेंगे।

कार्यवाही –अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0/ जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0।

2 – दिनांक 08.01.2025 तक 527 नलकूपों का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसके सापेक्ष 492 नलकूपों में डेवलप्मेन्ट का कार्य पूर्ण है तथा 472 नलकूपों में मोटर पम्प अधिष्ठापित कराकर 369 नलकूपों को कियाशील किया गया है। अधिष्ठापित 472 नलकूपों के सापेक्ष कियाशील नलकूपों की प्रगति काफी कम है जो संतोषजनक नहीं है।

| बैठक के दिनांक 08.01.2025 को प्रारम्भ नलकूप कार्य | दिनांक 25.01.2025 तक डेवलेप्मेन्ट पूर्ण किये जाने वाले नलकूपों की सं0 | दिनांक 25.01.2025 तक मोटर पम्प अधिष्ठापित की जाने वाली नलकूपों की सं0 | दिनांक 25.01.2025 तक कियाशील नलकूपों को बढ़ाये जाने की सं0 |
|---|---|---|---|
| 527 | 498 | 482 | 384 |

बैठक में एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.01.2025 तक नलकूपों में 10 मोटर पम्प का अधिष्ठापन एवं 15 नलकूपों को कियाशील करते हुए उपरोक्तानुसार कमशः 482 एवं 384 नलकूपों के कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें तथा अवशेष नलकूपों के डेवलेप्मेन्ट के कार्य में अपेक्षित प्रगति लायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

3 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल स्वीकृत 531 योजनाओं के सापेक्ष अभी तक मात्र 512 परियोजनाओं पर ओवरहेड टैंक का कार्य प्रारम्भ कराया गया है परन्तु मात्र 335 ओवरहेड टैंक अधिष्ठापित कराकर 266 का कार्य ही पूर्ण कराया गया है। ओवरहेड टैंकों के पूर्णता की प्रगति काफी धीमी है, जिसकी प्रगति बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

| शिरोपरि जलाशय की संख्या | कार्य प्रारम्भ | दिनांक 25.01.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले टैंक अधिष्ठापन की संख्या | दिनांक 25.01.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले ओवरहेड टैंकों की सं0 |
|---|---|---|---|
| 531 | 512 | 347 | 276 |

बैठक में परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.01.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले टैंक अधिष्ठापन की संख्या 335 में 12 तथा पूर्ण ओवर हेड टैंक की संख्या 266 में 10 की वृद्धि कर कमशः 347 एवं 276 की संख्या तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.01.2025 तक ओवरहेड टैंकों का कार्य उपरोक्तानुसार संख्या के सापेक्ष पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

CamScanner

4 – जल वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 531 स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक 516 योजनाओं पर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा प्रस्तावित पाइप लाइन की लम्बाई 8407 कि0मी0 के सापेक्ष अभी तक मात्र 6690 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का ही कार्य पूर्ण कराया गया है तथा अभी तक मात्र 6021 कि0मी0 पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट कराया गया है, जिसकी प्रगति काफी कम है।

| कार्य प्रारम्भ योजना की सं0 | प्रस्तावित लम्बाई | दिनांक 25.01.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले पाइप लाइन | दिनांक 25.01.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले हाइड्रो टेस्ट पाइप लाइन की ल0 |
|---|---|---|---|
| 516 | 8407 कि0मी0 | 6820 कि0मी0 | 6061 कि0मी0 |

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.01.2025 तक 130 कि0मी0 पाइप लाइन तथा 40 कि0मी0 पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट कराकर उपरोक्तानुसार प्रगति सुनिश्चित करायें।

इसी प्रकार प्रस्तावित गृह संयोजन संख्या 302490 के सापेक्ष अभी तक 242053 गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराया गया है, जो प्रस्तावित के सापेक्ष कम है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि कार्य पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराकर ग्राम वासियों का गृह संयोजन कराते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

5 – कुल स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक मात्र 346 परियोजनाओं पर सोलर पैनेल का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 345 परियोजनाओं पर सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराया गया है। आपूर्तित सोलर पैनेल के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ एवं अधिष्ठापित कराये गये सोलर पैनेल की प्रगति धीमी है।

| कार्य प्रारम्भ परियोजनाओं की संख्या | दिनांक 08.01.2025 तक अधिष्ठापित कराये गये सोलर पैनेल की सं0 | दिनांक 25.01.2025 तक तक अधि0 किये जाने वाले सो0पै0 की सं0 |
|---|---|---|
| 346 | 345 | 355 |

परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.01.2025 तक 10 और सोलर पैनेल को अधिष्ठापित कराते हुए उपलब्ध सोलर पैनेल के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ कराने तथा अधिष्ठापित कराये जाने वाले सोलर पैनेल की प्रगति में अपेक्षित वृद्धि लाना सुनिश्चित।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

6 – कुल स्वीकृत परियोजना 531 के सापेक्ष अभी तक मात्र 423 पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 375 पम्प हाउस का ही निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है, जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.01.2025 तक 05 पम्प हाउस को पूर्ण कराते हुए श्रमिकों तथा मशीनों की संख्या बढ़ाकर समयान्तर्गत पम्प हाउस के निर्माण का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

7 – बैठक में एल0एण्ड टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 531 परियोजनाओं के सापेक्ष 527 परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध है तथा 04 परियोजनाओं में भूमि विवाद है (तहसील पिण्डरा 01 व सदर 03)। एल0एण्ड टी के प्रतिनिधि द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि कुछ परियोजनाओं में छोटी–छोटी समस्यायें है, जिनका निराकरण कराया जाना आवश्यक है तथा पेयजल परियोजना नहवानीपुर के परिसर में पीपल के पेड़ की कटाई नहीं हो पा रही है।

पेयजल परियोजना परिसर में मिट्टी भराई हेतु विकास खण्डों से मिट्टी उपलब्धता का स्थल प्राप्त कर मिट्टी भराई का कार्य कराये जाने हेतु एल0एण्ड टी0 को सूची उपलब्ध कराई कराई गई है। एल0एण्ड टी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि प्राप्त सूची के सापेक्ष 8 परियोजनाओं में मिट्टी भराई का कार्य कराया गया है तथा विगत एक सप्ताह से मिट्टी भराई का कार्य बन्द है।

CamScanner

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से सम्पर्क कर समस्याओं का निराकरण नियमानुसार कराना सुनिश्चित करायें, साथ ही नहवानीपुर परियोजना परिसर में स्थित पीपल के पेडं की कटाई कराकर परियोजना कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा मिट्टी उपलब्धता स्थल से मिट्टी उठवाकर परियोजना परिसर में मिट्टी भराई का कार्य पूर्ण करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

8 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खड़ंजा/ इण्टरलाकिंग/ सी0सी0रोड/ डब्ल्यू बी0एम0 रोड एवं बिटूमिन रोड 1061 राजस्व ग्रामों में क्षतिग्रस्त की गई है जिसके सापेक्ष अब तक 686 राजस्व ग्रामों में पूर्णरूप से मरम्मत कराया गया है तथा 375 राजस्व ग्रामों में निर्माणाधीन है। कटिंग किये गये सड़कों का मरम्मत ससमय मानक के अनुरूप नहीं किये जाने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है तथा ग्रामीणों द्वारा निरन्तर शिकायतें प्राप्त हो रही है।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी एवं परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि अवशेष राजस्व ग्रामों के सड़कों का मरम्मत तत्काल कराना सुनिश्चित करायें, जिससे कि ग्रामीणों की समस्या का निराकरण हो सके।

137 पेयजल परियोजनाओं का सत्यापन कन्ट्रोल रूम से कराये जाने के निर्देश दिये गये थे , जिसमें 46 परियोजनाओं का सत्यापन कन्ट्रोल रूम द्वारा कराया गया शेष 91 परियोजनाओं की सूची एल0एण्ड टी0 द्वारा उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण सत्यापन नहीं कराया जा सका। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि शेष 91 परियोजनाओं की सूची आज शाम तक श्री संदीप कुमार विश्वास प्रभारी कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें।

श्री संदीप कुमार विश्वास, कन्ट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित किया गया कि पूर्व में सत्यापित 46 परियोजनाओं में कराये गये मरम्मत कार्य का क्रास वेरीफिकेशन कराते हुए शेष 91 परियोजनाओं का सत्यांपन कराकर स्थिति से अवगत करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0/ श्री संदीप कुमार विश्वास कन्ट्रोल रूम प्रभारी।

9 – स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष 369 परियोजनाओं से 722 राजस्व ग्रामों में जलापूति की जा रही है, जिसमें 181 परियोजनाओं में ओवर हेड टैंक के माध्यम से तथा 188 परियोजनाओं में नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति हो रही है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

10– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी द्वारा बैठक में बताया गया कि पुराने स्कीमों में 10.00 लाख रू0 से अधिक के कार्यों को अन्य ऐजेन्सी द्वारा किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत 24 ग्रामों का चयन सर्वे के आधार पर किया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं का 03 दिनों में रीवेरीफिकेशन कराकर स्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) ।

11 – बैठक में एल0एण्ड टी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत बरेमा की समस्या का निराकरण करा दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायता में पेयजल कनेक्शनधारकों द्वारा घर अथवा सिंचाई हेतु टुल्लू का प्रयोग किया जा रहा है उनके विरूद्ध सम्बन्धित अवर अभियन्ता, जल निगम द्वारा सुसंगत धराओं में एफ0आई0आर0 की कार्यवाही कराई जायेगी, साथ ही सम्बन्धित अवर अभियन्ताओं द्वारा अपने क्षेत्रीय भ्रमण में ऐसे प्रकरणों का नियमित अनुश्रवण करते रहेंगे।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) ।

12 – सहायक परियोजना प्रबन्धक, मेधज (टी0पी0आई0) से पेयजल परियोजनाओं का निरीक्षण एवं विकास खण्ड स्तरीय कार्मिकों के रोस्टर के सम्बन्ध में पूछे जाने पर उनके द्वारा कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया। बैठक में यह स्पष्ट हुआ कि

CamScanner

विकास खण्ड स्तरी कर्मचारी को कोई रोस्टर तैयार नहीं किया जा रहा है और मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है, यह भी नहीं बताया गया जा सका कि अभी तक कितने निरीक्षण किये गये हैं और कितनी कमियाँ पाई गई तथा उसके सापेक्ष कितनी कमियों का निराकरण कराया गया है। परियोजना प्रबन्धक, मेधज (टी0पी0आई0) को निर्देशित किया जाता है कि विकास खण्ड स्तरीय कर्मचारियों का रोस्टर तैयार कराकर रोस्टर के अनुसार निरीक्षण का कार्य करायें तथा पाई गई कमियों को तत्काल निराकृत कराना सुनिश्चित करायें।

जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 से उनके कार्यों के बारे में पूछे जाने पर स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा सका। पेयजल परियोजनाओं के कार्यों पर श्रमिकों के उपस्थिति का सत्यापन जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 की टीम द्वारा निरन्तर किया जायेगा तथा संकलित सूचना अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण के माध्यम से उपलब्ध करायेंगे। उक्त के साथ परियोजनाओं का नियमित सत्यापन कर पाई गई कमियाँ एल0एण्ड टी0 को प्रेषित करते हुए उसका निराकरण करायेंगे। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्य का नियमित अनुश्रवण करते हुए सूचना से अवगत करायेंगे।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 मेधज /जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0।**

अतः सम्बन्धित को इस निर्देश के साथ कि दिये गये उपरोक्तानुसार निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत करायें।

(हिमांशु नागपाल)
मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।
08/01/25

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी–वाराणसी।

पत्रांक– 2310 /ज0जी0मि0/बैठक कार्य0/2024–25 दिनांक– 10 जनवरी,2025

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 – जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी।
3 – अधिशासी अभियन्ता, जल निगम,ग्रामीण,वाराणसी।
4 – श्री संदीप विश्वास, प्रभारी कन्ट्रोल रूम, विकास भवन,वाराणसी।
5 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, वाराणसी।
6 – परियोजना प्रबन्धक, मेधज,वाराणसी।
7 – जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0–वाराणसी।

मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।
08/01/25

CamScanner